गुप्तियोंका वर्णन करता है। विद्यानुवादपूर्व पन्द्रह वस्तुगत तीनसौ प्राभृतोंकेएक करोड दश लाख पदोंव्दारा अंगुष्ठप्रसेना आदि सातसौ अल्प विद्याओंका, रोहिणी आदि पांचसौ महाविद्याओंका, और अन्तरिक्ष, भौम, अंग, स्वर, स्वप्न, लक्षण, व्यंजन, चिन्ह इन आठ महानिमित्तोंका वर्णन करता है। कल्याणवादपूर्व दश वस्तुगत दोसौ प्राभृतोंके छव्वीस करोड पदोंव्दारा सूर्य, चन्द्रमा, नक्षत्र और तारागणोंके चारक्षेत्र, उपपादस्थान, गति,

---

पाणावायं णाम पुव्वं दसण्हं वत्थूणं१ १० वि-सद-पाहुडाणं २०० तेरस-कोडि-पदेहि १३०००००० कायचिकित्साद्यष्टाङ्गमायुर्वेदं भूतिकर्म२ जाङगुलिप्रक्रमं प्राणापानविभागं च विस्तरेण कथयति (किरियाविसालं णाम पुव्वं दसण्हं वत्थूणं १० विसद- पाहुडाणं २०० णव-कोडि-पदहि ९००००००० लेखादिका: द्वासप्ततिकला: स्त्रैणाँश्चतु:षष्टिगुणान् शिल्पानि काव्यगुणदोषक्रियां छन्दोविचितिक्रियां च कथयति४ (लोकबिंदुसारं णाम पुव्वं दसण्हं वत्थूणं १० विसद-पाहुडाणं २०० बारह५-कोडि-पण्णास-लक्ख-पदेहि १२५०००००० अष्टौ व्यवहारन् चत्वारि बीजानि मोक्षगमन-क्रिया: मोक्षसुखं च कथयति६ (सयल-वत्थु-समासो पंचाणउदि-सदं १९५ सयल-पाहुड-समासो तिण्णि-सहस्सा णवय-सया ३९०० (

वक्रगति तथा उनकेफलोंका, पक्षीकेशब्दोंका और अरिहंत अर्थात तीर्थकर, बलदेव, वासुदेव और चक्रवर्ती आदिकेगर्भावतार आदि महाकल्याणकोंका वर्णन करता है (प्राणावायपूर्व दश वस्तुगत दोसौ प्राभृतोंकेतेरह करोड पदोंद्वारा शरीरचिकित्सा आदि अष्टांग आयुर्वेद, भूतिकर्म, अर्थात् शरीर आदिकी रक्षाके लिये किये गये भस्मलेपन सूत्रबंधनादि कर्म, जांगुलिप्रक्रम, (विषविद्या) और प्राणायामकेभेंद-प्रभेदोंका विस्तारसे वर्णन करता है (क्रियाविशालपूर्व दश वस्तुगत दोसौ प्राभृतोंके नौ करोड पदोंद्वारा लेखनकला आदि बहत्तर कलाओंका, स्त्रीसंबन्धी चौसठ गुणोंका, शिल्पकलाका काव्यसंबन्धी गुण-दोषविधिका और छन्दनिर्माणकलाका वर्णन करता है (लोकबिन्दुसारपूर्व दश वस्तुगत दोसौ प्राभृतोंकेबारह करोड पचास लाख पदोंद्वारा आठ प्रकारके व्यवहारोंका, चार प्रकारके बीजोंका, मोक्षको ले जानेवाली क्रियाका और मोक्षसुखका वर्णन करता है (इन चौदह पूर्वोमें संपूर्ण वस्तुओंका जोड एकसौ पचासनवे है और संपूर्ण प्राभृतोंका जोड तीन हजार नौसौ है (

१.मु. वत्थूहं (२. शरीरभाण्डकरक्षार्थं भस्मसुत्रादिना यत्परिवेष्टनकरणं तद् भूतिकर्म (उक्तं च `भूईए मट्टियाइ व सूत्तेण व होइ भूइकम्मं तु (वसहीसरीरभंडयरक्खा अभिओगमाईआ (प्र . सा. पू. पृ. १८१.

३. प्राणानां आवाद: प्ररुपणमस्मिन्निति प्राणावादं द्वादशं पूर्वम् (तच्च कायचिकित्साद्यष्टांगमायुर्वेदं भूतिकर्म जांगुलिकप्रक्रमं इलापिंगलासुषुम्नादिबहुप्रकारप्राणापानविभागं दशप्राणानां उपकारकापकारकद्रव्याणि गत्याद्यनुसारेण वर्णयति (गो.जी., जी. प्र., टी. ३६६.

४. क्रियादिभि: नृत्यादिभि: विशाल विस्तीर्ण शोभमानं वा क्रियाविशालं त्रयोदशं पूर्वम् (तच्च संगीतशास्त्रछंदोलंक ारादिद्वासप्ततिकला: चतु:षष्टिस्त्रीगुणान् शिल्पादिविज्ञानानि चतुरशीतिगर्भाधानादिका: अष्टोत्तरशतं सम्यग्दर्शनादिका: पंचविंशतिं देववंदनादिका: नित्यनैमितिका: क्रियाश्च वर्णयति (

गो. जी., जी. प्र., टी. ३६७. ५. मु. पाहुडाणं बारह.

६. त्रिलोकबिन्दुसारं इति पाठ: (त्रिलोकानां बिन्दव: अवयवा: सारं च वर्ण्यन्तेऽस्मिन्निति त्रिलोक-बिन्दुसारम् (तच्च त्रिलोकस्वरुपं षट्त्रिंशत्परिकर्माणि अष्टौ व्यवहारान् चत्वारि बीजानि मोक्षस्वरुपं तद्गमनकारणक्रिया: मोक्षसुखस्वरुपं च वर्णयति ((गो. जी., जी. प्र., टी. ३६३. यत्राष्टौ व्यवहाराश्चत्वारि बीजानि परिकर्मराशिक्रियाविभागश्च सर्वश्रुतसंपदुपदिष्टा तत्खलु लोकबिन्दुसारम् (त. रा. वा. पृ. ५३.

एत्थ किमुप्पायपुव्वादो, किमग्गेणियादो? एवं पुच्छा सव्वेसिं (णो उप्पाय-पुव्वादो, एवं वारणा सव्वेसिं (अग्गेणियादो (तस्स अग्गेणियस्स पंचविहो उवक्कमो-आणुपुव्वी णामं पमाणं वत्तव्वदा अत्थाहियारो चेदि (अणुपुव्वी तिविहा-पुव्वाणु-पुव्वी पच्छाणुपुव्वी जत्थाणुपुव्वी चेदि (एत्थ पुव्वाणुपुव्वीए गणिज्जमाणे विदियादो, पच्छाणुपुव्वीए गणिज्जमाणे तेरसमादो, जत्थतत्थाणुपुव्वीए गणिज्जमाणे अग्गेणियादो (अंगाणमग्ग-पदं वण्णेदि त्ति अग्गेणियं त्ति१ गुणणामं (अख्खर-पद-संघाद-पडिवत्ति-अणियोगद्दारेहि संखेज्जमत्थदो अणंतं (वत्तव्वदा ससमयवत्तव्वदा (

अत्थाधियारो चोद्दसविहो(तं जहा-पुव्वंते अवरंते धुवे अध्दुवे चयणलध्दी अध्दुवमं पणिधिकप्पे अट्ठे भोम्मावयादीए सव्वट्ठे कप्पणिज्जाणे तीदे अणागयकाले सिज्झए बुज्झए२ त्ति चोद्दस वत्थूणि३ (एत्थ किं पुव्वंतादो, किंअवरंतादो? एवं पुच्छा सव्वेसिं कायव्वा (णो पुव्वंतादो णो अवरंतादो, एवं वारणा सव्वेसिं

इस जीवस्थान शास्त्रमें क्या उत्पादपूर्वसे प्रयोजन है, क्या अग्रायणीयपूर्वसे प्रयोजन है? इस तरह सबके विषयमें पृच्छा करनी चाहिये (यहां पर न तो उत्पादपूर्वसे प्रयोजन है और न दूसरे पूर्वोंसे प्रयोजन है इस तरह सबका निषेध करके यहां पर अग्रायणीयपूर्वसे प्रयोजन है, इस तरहका उत्तर देना चाहिये (

उस अग्रायणीयपूर्वके पांच उपक्रम है-आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्यता और अर्थाधिकार (पूर्वानुपूर्वी पश्चादानुपूर्वी, और यथातथानुपूर्वीके भेदसे आनुपूर्वी तीन प्रकारकी है (यहां पर पूर्वानुपूर्वीसे गिनती करने पर दूसरेसे, पश्चादानुपूर्वीसे गिनती करने पर तेरहवेंसे और यथातथानुपूर्वीसे गिनती करने पर अग्रायणीयपूर्वसे प्रयोजन है (अंगोंके अग्र अर्थात् प्रधानभूत पदार्थोंका वर्णन करनेवाला होनेके कारण ' अग्रायणीय ' यह गौण्यनाम है (अक्षर, पद, संघात, प्रतिपत्ति और अनुयोगरुप द्वारोंकी अपेक्षा संख्यात और अर्थकी अपेक्षा अनन्तरुप है (इसमें स्वसमयका ही कथन किया गया है, इसलिये स्वसमयवक्तव्यता है (

अग्रायणीयपूर्वके अर्थाधिकार चौदह प्रकारके है (वे इस प्रकार हैं, पूर्वान्त, अपरान्त ध्रुव, अध्रुव, चयनलब्धि, अर्धोपम, प्रणधिकल्प, अर्थ, भौम, व्रतादिक, सर्वार्थ, कल्पनिर्याण, अतीतकालमें सिध्द और बुध्द, अनागतकालमें सिध्द और बुध्द (इनमेंसे यहां पर क्या पूर्वान्तसे प्रयोजन है, क्या अपरान्तसे प्रयोजन है? इस तरह सबके विषयमें पृच्छा करनी चाहिये। यहां पर पूर्वान्तसे प्रयोजन नहीं, अपरान्तसे प्रयोजन नहीं, इत्यादि रुपसे सबका निषेध कर देना चाहिये। किन्तु चयनलब्धिसे यहां पर प्रयोजन है इस प्रकार उत्तर देना चाहिये। चयनलब्धिका

---

१. मु.अग्गेणियं गुणणामं । २. मु. बज्झए।

३. पूर्वान्तं ह्यपरान्तं ध्रुवमधुवच्यवनलब्धिनामानि ं अधुवं सप्रणिधिं चाप्यर्थ भौमावयाद्यं (?) च।। सर्वार्थकल्पनीयं ज्ञानमतीतं त्वनागतं कालम् । सिध्दिमुपाध्यं च तथा चतुर्दश वस्तूनि व्दितीयस्य ।। द.भ.पृ.८-९.

कायव्वा। चयणलध्दीदो । तस्स उवक्कमो पंचविहो। आणुपुव्वी णामं पमाणं वत्तव्वदा अत्थाहियारो चेदि । तत्थ आणुपुव्वी तिविहा ं पुव्वाणुपुव्वी पच्छाणुपुव्वी जत्थतत्थाणुपुव्वी चेदि। एत्थ पुव्वाणुपुव्वीए गणिज्जमाणे पंचमादो, पच्छाणुपुव्वीए गणिज्जमाणे दसमादो, जत्थतत्थाणुपुव्वीए गणिज्जमाणे चयणलध्दीदो । णामं चयण-विहिं लध्दि विहिं च वण्णेदि तेण चयणलध्दि त्ति गुणणामं । पमाणमक्खर-पद-संघाद-पडिवत्ति-अणियोगद्दारेहि संखेज्जमत्थदो अणंत। वत्तव्वदा ससमयवत्तव्वदा । अत्थाधियारो वीसदिविहो । एत्थ किं

पढम-पाहुडादो णो विदिय-पाहुडादो, एवं वारणा सव्वेसिं णेयव्वा । चउत्थ-पाहुडादो । तस्स उवक्कमो पंचविहो । आणुपुव्वी णामं पमाणं वत्तव्वदा अत्थाहियारो चेदि। तत्थ आणुपुव्वी तिविहा । पुव्वाणुपुव्वी पच्छाणुपुव्वी जत्थतत्थाणुपुव्वी चेदि। पुव्वाणुपुव्वीए गणिज्जमाणे चउत्थादो, पच्छाणुपुव्वीए गणिज्जमाणे सत्तारसमादो, जत्थतत्थाणुपुव्वीए गणिज्जमाणे कम्म-पयडिपाहुडादो । णामं कम्माणं पयडि-सरुवं वण्णेदि तेण कम्मपयडिपाहुडे त्ति

उपक्रम पांच प्रकारका है- आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्यता और अर्थाधिकार। पूर्वानुपूर्वी, पश्चादानुपूर्वी और यथातथानुपूर्वीके भेदसे आनुपूर्वी तीन प्रकारकी है । उन तीनोंमेंसे, यहां पर पूर्वानुपूर्वीसे गिनती करने पर पांचवे अर्थाधिकारसे, पश्चादानुपूर्वीसे गिनती करने पर दशवें अर्थाधिकारसे और यथातथानुपूर्वीसे गिनती करने पर चयनलब्धि नामके अर्थाधिकारसे प्रयोजन है । यह अर्थाधिकार चयनविधि और लब्धिविधिका वर्णन करता है, इसलिये चयनब्धि यह गौण्यनाम है । अक्षर, पद,संघात, प्रतिपत्ति और अनुयोगरुप द्वारोंकी अपेक्षा संख्यात तथा अर्थकी अपेक्षा अनन्तप्रमाण है । स्वसमयका कथन करनेवाला होनेके कारण यहां पर स्वसमयवक्तव्यता है । चयनलब्धिके अर्थाधिकार वीस प्रकारके है । उनमेंसे यहां क्या प्रथम प्राभृतसे प्रयोजन है? इस तरह सबके विषयमें पृच्छा करनी चाहिये ं यहां पर प्रथम प्राभृतसे प्रयोजन नहीं है, क्या दुसरे प्राभृतसे प्रयेाजन नहीं है, इस प्रकार सबका निषेध कर देना चाहिये ं किन्तु यहां पर चौथे प्राभृतसे प्रयोजन है ऐसा उत्तर देना चाहिये।

उसका उपक्रम पांच प्रकारका है-आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्यता और अर्थाधिकार। उनमेंसे, पूर्वानपूर्वी, पश्चादानुपूर्वी, पश्चादानुर्वी और यथातथानुपूर्वीके भेदसे आनुपूर्वी तीन प्रकारकी है। यहां पर पूर्वानुपूर्वीसे गिनती करने पर चौथे प्राभृतसे, पश्चादानुपूर्वी गिनती करने पर सत्रहवें प्राभृतसे और यथातथानुपूर्वीसे गिनती करने पर कर्मप्रकृतिप्राभृतसे प्रयोजन है। यह कर्मोकी प्रकृतियोंके स्वरुपका वर्णन करता है, इसलिये कर्मप्रकृतिप्राभृत यह गौण्यनाम है। इसका 'वेदनाकृत्स्नप्राभृत' यह दूसरा नाम भी है। कर्मोके उदयको वेदना कहते हैं। उसका यह

गुणणामं । वेयणकसिणपाहुडे त्ति वि तस्स विदियं णाममत्थि। वेयणा कम्माणमुदयो, तं कसिणं निरवसेसं वण्णेदि, अदो वेयणकसिण-पाहुडमिदि एदमवि गुणणाममेव। पमाणमक्खर-पय-संघाय-पडिवत्ति-अणियोगद्दारेहि संखेज्जमत्थदो अणंतं । वत्तव्वं ससमयो। अत्थाहियारो चउवीसदिविहा। तं जहा-कदी

वेदणाए फासे कम्मे पयडीसु बंधणे णिबंधणे पक्कमे उवक्कमे उदए मोक्खे संकमे लेस्सा लेस्सायम्मे लेस्सापरिणामे सादमासादे दीहे रहस्से भवधारणीए पोग्गलत्ता णिधत्तमणिधत्तं णिकाचिदमणिकाचिदं कम्मट्ठिदी पच्छिमक्खंधे१ (पंचमवस्तुचतुर्थप्राभृत्कस्यानुयोगनामानि ॑ कृतिवेदने तथैव स्पर्शन्कर्म प्रकृतिमेव ॑ बंधननिबंधन्प्रक्रमानुपक्रममथा भ्युद्यमोक्षौ ॑ संक्रमलेश्ये च तथा लेश्यायाः कर्मपरिणामौ ॑ सातमसातं दीर्घ ऱ्हस्वं भवधारणीयसंज्ञं च ॑ पुरुपुद्अगलात्मनाम च निधत्तमभिनौमि ॑ सनिकाचितमनिकाचितमथ कर्मस्थितिक-पश्चिमस्कंधौ ॑ अल्पबहुत्वं च यजे तद्अद्वाराणां चतुर्विंशम् ॑ द.. भ. पृ. ९) त्ति। अप्पाबहुगं चं सव्वत्थ, जेण चउवीसण्हमणियोगद्दाराणं साहारणो तेण पुह अहियारो ण होदि त्ति। एत्थ किं कदीदो, किं वेयणादो? एवं पुच्छा सव्वत्थ कायव्वा। णो कदीदो, णो वेयणादो, एवं वारणा सव्वेसिं णेयव्वा। बंधणादो। तस्स उवक्कमो पंचविहो-आणुपुव्वी णामं पमाणं वत्तव्वदा अत्थाहियारो चेदि। तत्थ आणुपुव्वी तिविहा-पुव्वाणुपुव्वी पच्छाणुपुव्वी जत्थतत्थाणुपुव्वी चेदि । तत्थ पुव्वाणुपुव्वीए गणिज्जमाणे छट्ठादो,

----

निरवशेषरुपसे वर्णन करता है, इसलिये वेदनाकृत्स्नप्राभृत यह भी गौण्यनाम ही है। यह अक्षर, पद, संघात, प्रतिपत्ति और अनुयोगरुप द्वारोंकी अपेक्षा संख्यातप्रमाण और अर्थकी अपेक्षा अनन्तप्रमाण है। स्वसमयका ही कथन करनेवाला होनेके कारण इसमें स्वसमयवक्तव्यता है।

कर्मप्रकृतिप्राभृतके अर्थाधिकार चौवीस प्रकारके हैं, वे इस प्रकार हैं- कृति, वेदना, स्पर्श, कर्म, प्रकृति, बन्धन, निबन्धन, प्रक्रम, उपक्रम, उदय, मोक्ष, संक्रम, लेश्या, लेश्याकर्म, लेश्यापरिणाम, सातअसात, दीर्घ ऱ्हस्व, भवधारणीय, पुद्गलत्व, निधत्त-अनिधत्त, निकाचित्त, अनिकाचित, कर्मस्थिति और पश्चिमस्कंध। इन सब अधिकारोंमें अल्पबहुत्व लगा लेना चाहिये, क्योंकि, चौवीस ही अधिकारोंमें अल्पबहुत्व साधारण अर्थात् समानरुपसे है, इसलिये अल्पबहुत्वनामका पृथक्अधिकार नहीं है।

यहां पर क्या कृतिसे प्रयोजन है, क्या वेदनासे प्रयोजन है? इस तरह सब अधिकारोंकें विषयमें पृच्छा करनी चाहिये। यहां पर न तो कृतिसे प्रयोजन है, न वेदनासेही प्रयोजन है, इस तरह सबका निषेध कर देना चाहिये। किंतु बन्धन अधिकारसे प्रयोजन है, इस तरह उत्तर देना चाहिये। उस बन्धन नामके अधिकारका उपक्रम पांच प्रकारका है-आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्यता और अर्थाधिकार। उनमेंसें, पूर्वानुपूर्वी, पश्चादानपूर्वी और यथातथानुपूर्वीके भेदसे आनुपूर्वी तीन प्रकारकी है। उन तीनोंमेंसे, पूर्वानुपूर्वीसे गिननेपर छटे अधिकारसे,

----

पच्छाणुपुव्वीए गणिज्जमाणे एगूणवीसदिमादो, जत्थतत्थाणुपुव्वीए गणिज्जमाणे बंधणादो ँ णामं बंध-वण्णणादो त्ति गुणणामं ँ पमाणमक्खर-पय-संघाद-पडिवत्ति-अणियोगद्दारेहि संखेज्जमत्थदो अणंतं ँ वत्तव्वदा ससमयवत्तवदा ँ अत्थाधियारो चउव्विहो ँ तं जहा- बंधो बंधगो बंधणिज्जं बंधविधाणं चेदि ँ एत्थ किं बंधादो? एवं पुच्छा सव्वेसं कायव्वा ँ णो बंधादो, णो बंधणिज्जादो ँ बंधगादो बंधविधाणादो च ँ एत्थ बंधगे त्ति अहियारस्स एकारस्स अणियोगद्दाराणि ँ तं- जहा एगजीवेण सामित्तं एगजीवेण कालो एगजीवेण अंतरं णाणाजीवेहि भंगविचयो दव्वपमाणाणुगमो खेत्ताणुगमो पोसणाणुगमो णाणाजीवेहि अंतराणुगमो भागाभागाणुगमो अप्पाबहुगाणुगमो चेदि ँ एत्थ किं एगजीवेण सामित्तादो, एवं पुच्छा सवेसिं ँ णो एगजीवेण सामित्तादो, एवं वारणा सव्वेसिं ँ पंचमादो ँ दव्वपमाणादो दव्वपमाणाणुगमो णिग्गदो ँ

पश्चादानुपूर्वीसे गिननेपर उन्नीसवें अधिकारसे और यथातथानुपूर्वीसे गिननेपर बन्धन नामके अधिकारसे प्रयोजन है । यह बन्धन नामका अधिकार बन्धका वर्णन करता है, इसलिये इसका 'बन्धन' यह गौण्यनाम है। यह अक्षर, पद, संघात, प्रतिपत्ति और अनुयेागरूप व्दारोंकी अपेक्षा संख्यातप्रमाण और अर्थकी अपेक्षा अनन्तप्रमाण है । स्वसमयका वर्णन करनेवाला होनेसे इसमें स्वसमयवक्तव्यता है।

इसके अर्थाधिकार चार प्रकारके हैं। वे इस प्रकार है -बन्ध, बन्धक, बन्धनीय और बन्धविधान। यहांपर क्या बन्धसे प्रयोजन है? इत्यादि रूपसे चारों अधिकारोंके विषयमें पृच्छा करनी चाहिये। यहांपर बन्धसे प्रयोजन नहीं है, न बन्धनीयसे प्रयोजन है, किन्तु बन्धक और बन्धविधानसे यहांपर प्रयोजन है।

इन बन्ध आदि चार अधिकारोंमेसे बन्धक इस अधिकारके ग्यारह अनूयोगव्दार है। वे इस प्रकार हैं- एक जीवकी अपेक्षा स्वामित्वानुगम, एक जीवकी अपेक्षा कालानुगम, एक जीवकी अपेक्षा अन्तरानुगम, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचयानुगम, द्रव्यप्रमाणानुगम, क्षेत्रानुगम, स्पर्शनानुगम, नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तरानुगम, भागाभागानुगम और अल्पबहुत्वानुगम ँ यहां पर क्या एकजीवकी अपेक्षा स्वामित्वानुगमसे प्रयोजन है? इत्यादि रुपसे ग्यारह अनुयोगव्दारोंके विषयमें पृच्छा करनी चाहिये। यहांपर एक जीवकी अपेक्षा स्वामित्वानुगमसे प्रयोजन नहीं है, इत्यादी रुपसे सबका निषेध भी कर देना चाहिये। किन्तु यहां पांचवें द्रव्यप्रमाणानुगमसे प्रयोजन है, इस प्रकार उत्तर देना चाहिये।

इस जीवस्थान शास्त्रमें जो द्रव्यप्रमाणानुगम नामका अधिकार हैं, वह इस बन्धक नामके अधिकारके द्रव्यप्रमाणानुगम नामके पांचवें अधिकारसे निकला है।

बंधविहाणं चउव्विहं। तं जहा-पयडिबंधो ट्ठिदिबंधो अणुभागबंधो पदेसबंधो चेदि। तत्थ जो सो पयडिबंधो सो दुविहो मूलपयडिबंधो उत्तरपयडिबंधो चेदि। तत्थ जो सो मूलपयडिबंधो सो थप्पो। जो सो उत्तरपयडिबंधो सो दुविहा, एगेगुत्तर-पयडिबंधो अव्वोगाढउत्तरपयडिबंधो चेदि। तत्थ जो सो एगेगुत्तरपयडिबंधो तस्स चउवीस अणियोगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति। तं जहा, समुक्कित्तणा सव्वबंधोणोसव्वबंधो उक्कस्सबंधो अणुक्कस्सबंधो जहण्णबंधो अजहण्णबंधो सादियबंधो अणादियबंधो धुवबंधो अध्दुवबंधो बंधसामित्तविचयो बंधकालो बंधंतरं बंधसण्णियासो णाणाजीवेहि भंगविचयो भागाभागाणुगमो परिमाणाणुगमो खेत्ताणुगमो पोसणाणुगमो कालाणुगमो अंतराणुगमो भावाणुगमो अप्पाबहुगाणुगमो चेदि। एदेसु समुक्कित्तणादो पयडिसमुक्कित्तणा ट्ठाणसमुक्कित्तणा तिण्णि महादंडया णिग्गया। तेवीसदिमादो भावादो भावो णिग्गदो। जो सो अव्वोगाढुत्तरपयडिबंधो सो दुविहो, भुजगारबंधो पयडिट्ठाणबंधो चेदि। जो सो भुजगारबंधो तस्स अट्ठ अणियोगाद्दाराणि, सो थप्पो। जो सो पयडिट्ठाणबंधो तत्थ इमाणि अट्ठ अणियोगद्दाराणि। तं जहा, संतपरुवणा दव्वपमाणाणुगमो खेत्ताणुगमो पोसणाणुगमो कालाणुगमो अंतराणुगमो भावाणुगमो अप्पाबहुगाणुगमो चेदि। एदेसु अट्ठसु अणियोगद्दारेसु छ अणियोगद्दाराणि णिग्गयाणि।

बन्धविधान चार प्रकारका है। वह इस प्रकार-प्रकृतिबन्ध, स्थितिबन्ध, अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्ध। उन चार प्रकारके बन्धमेंसे मूलप्रकृतिबन्ध और उत्तरप्रकृतिबन्धके भेदसे प्रकृतिबन्ध दो प्रकारका है। उनमेंसे, मूलप्रकृतिबन्धका वर्णन स्थगित करके उत्तरप्रकृतिबन्धके भेदोंका वर्णन करते हैं। वह उत्तरप्रकृतिबन्ध दो प्रकारका है-एकैक्कोत्तरप्रकृतिबन्ध और अव्वोगाढ उत्तरप्रकृतिबन्ध । उनमेंसे जो एकैक्कोत्तरप्रकृतिबन्ध है उसके चौवीस अनुंयोगद्वार हैं। वे इस प्रकार है- समुत्कीर्तना, सर्वबन्ध, नोसर्वबन्ध, उत्कृष्टबन्ध, अनुत्कृष्टबन्ध, जघन्यबन्ध, अजघन्यबन्ध, सादिबन्ध अनादिबन्ध, ध्रुवबन्ध, अध्रुवबंन्ध, बन्धस्वामित्वविचय, बन्धकाल, बन्धान्तर, बन्धसन्निकर्ष, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, भागाभागानुगम, और अल्पबहुत्वानुगम। इन चौवीस अधिकारोंमे जो समुत्कीर्तना नामका अधिकार है उसमेंसे प्रकृतिसमुत्कीर्तना, स्थानसमुत्कीर्तना और तीन महादण्डक निकले हैं और तेवीसवें भावानुगम निकला है।

जो अव्वोगाढ उत्तरप्रकृतिबन्ध है वह दो प्रकारका है - भृजगारबन्ध और प्रकृतिस्थानबन्ध। उनमेंसे भुजगारबन्धके आठ अनुयोगद्वारोंके वर्णनको स्थगित करके प्रकृतिस्थानबन्धमें जो आठ अनुयोगद्वार हैं उनका वर्णन करते है। वे इस प्रकार है- सत्प्ररूपणा, द्रव्यप्रमाणानुगम, क्षेत्रानुगम, स्पर्शनानुगम,

कालानुगम, अन्तरानुगम, भावानुगम और अल्पबहुत्वानुगम। इन आठ अनुयोगद्वारोंमेंसे छह अनुयोगद्वार निकले हैं। वे इस प्रकार हैं- सत्प्ररुपणा, क्षेत्रपरूपणा, तं जहा-संतपरूवणा खेत्तपरूवणा पोसणपरूवणा कालपरूवणा अंतरपरूवणा अप्पाबहुगपरुवणा चेदि। एदाणि छ पूविल्लाणि दोण्णि एक्कदो मेलिदे जीवट्ठाणस्स अट्ठ अणियोगद्दाराणि हवंति। पयडिट्ठाणबंधे वुत्त-संतादि- छ-अणियोगद्दाराणि चोद्दसण्हं गुणट्ठाणाणं वुत्ताणि । पुणो जीवट्ठाणस्स संतादि - छ अणियोगद्दाराणि चोद्दाराणि चोद्दसण्हं गुणट्ठाणाणं वृत्तणि । कधं तेहिंतो एदाणमवदारोत्ति? ण एस दोसो, एदस्स पयडिट्ठाणस्स बंधया मिच्छाइट्ठि अत्थि एदस्स पयडिट्ठाणस्स बंधया मिच्छाएट्ठी एवदि खेत्ते। एदस्स पयडिट्ठाणस्स बंधएहि मिच्छाइट्ठीहि एवदियं खेत्तं पोसदं । एदस्स पयडिट्ठाणस्स बंधया मिच्छाइट्ठी तं मिच्छत्त-गुणमंछंडंता१ (मु. मछद्दंता) जहण्णेण एत्तियं कालमुक्कस्सेण एत्तियं कालमच्छंति। ताणमंतर-कालो जहण्णुक्कस्सेण एत्तिओ होदि।

स्पर्शनप्ररूपणा, कालप्ररूपणा, अन्तरप्ररूपणा और अल्पबहुत्वप्ररूपणा । ये छह और बन्धक अधिकार के ग्यारह अधिकार है, उनमेंके द्रव्यप्रमाणानुगममेंसे निकला हुआ द्रव्यप्रमाणानुगम तथा एकोत्तरप्रकृतिबन्धके जो चौवीस अधिकार हैं उनमेंके तेवीसवें भावानुगममेंसे निकला हुआ भावप्रमाणानुगम, इस तरह इन सबको एक जगह मिला देने पर जीवस्थानके आठ अनुयोगद्वार हो जाते हैं।

शंका-- प्रकृतिस्थानबन्धमें जो छह अनुयोगद्वार कहे गये है वे प्रकृतिस्थानबन्धसंबन्धी कहे गये हैं। किन्तु जीवस्थानके जो सत्प्ररू पणा आदि छह अनुयोगद्वारा हैं वे गुणस्थानसंबंन्धी कहे गये हैं। ऐसी हालतमें प्रकृतिस्थानबन्धसंबन्धी छह अनुयोगद्वारामेंसे जीवस्थानसंबंन्धी छह अनुयोगद्वारोंका अवतार कैसे हो सकता है?

समाधान - यह कोई दोष नही हैं, क्योंकि, इस प्रकृतिस्थानके बन्धक मिथ्यादृष्टि जीव हैं। मिथ्यादृष्टि जीव इतने क्षेत्रमें इस प्रकृतिस्थानके बन्धक होते हैं। इस प्रकृतिस्थानके बन्धक मिथ्यादृष्टि जीवोंने इतना क्षेत्र स्पर्श किया है । इस प्रकृतिस्थानके बन्धक मिथ्यादृष्टि जीव उस मिथ्यात्व गुणस्थानको नही छोडते हुए जघन्यकी अपेक्षा इतने कालतक और उत्कृष्टकी अपेक्षा इतने कालतक मिथ्यात्व गुणस्थानमें रहते हैं । इस प्रकृतिस्थानके बन्धक मिथ्यादृष्टी जीवोंका जघन्य अन्तरकाल इतना और उत्कृष्ट अन्तरकाल इतना होता है । इसी तरह शेष गुणस्थानोंका कथन करकेफिर उनका अल्पबहुत्व कहा गया है। इसलिये उस प्रकृतिस्थानमें कहे गये छह अनुयोगद्वारोंके साथ जीवस्थानमें कहे गये छह अनुयोगद्वारोंका एकत्व अर्थात समानता विरोधको प्राप्त नहीं होती है।

विशेषार्थ-- प्रकृतिस्थानबन्धमें सदादि छह अनुयोगोंका प्रकृतिस्थानकी अपेक्षा कथन है और इस जीवनस्थानमें प्रकृतिस्थानके बन्धक मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानोंकी अपेक्षा सदादि छह अनुयोगोंका कथन है। इसलिये प्रकृतिस्थानके छह अनुयोगोमेंसे जीवस्थानके छह अनुयोगोंकी उत्पत्ति विरोधको प्राप्त नहीं होती है।

एवं सेसगुणट्ठाणं च भणिऊण पुणो ताणमप्पाबहुगं उत्तं। तेण तेही पयडिट्ठाणम्हि उत्त-छहि अणियोगद्दारेहि सह एगत्तं ण विरू ज्झदे। एत्थतण-दव्वाणियोगस्स वि किं ण गहणं कीरदि त्ति उत्ते, ण, मिच्छाइट्ठी-आदि-गुणट्ठाणेहि विणा एयस्स बंधट्ठाणस्स बन्धया जीवा एत्तिया इदि सामण्णेण वुत्तत्तादो ं बंधगे उत्त दव्वाणियोगस्स गहणं कीरदि, तत्थ बंधगा मिच्छाइट्ठी एत्तिया सासणादिया एत्तिया इदि उत्तत्तादो। कधमजोगि-गुणट्ठाणस्स अबंधगस्स दव्व-संखा परू विज्जदि त्ति, ण एस दोसो, भूदपुव्व-गइमस्सिऊण तस्स भणण-संभवादो । जीवपयडि-संत-बंधमस्सिऊण उत्तमिदि वा । एवं भावस्स वि वत्तव्वं । एवं जीवट्ठाणस्स अट्ठ-अणियोगद्दार-परू वणं कदं।

प्रकृतिस्थान अधिकारमें कहे गये द्रव्यानुयोगका भी ग्रहण इस जीवस्थानमें क्यों नही किया है? अर्थात प्रकृतिस्थान अधिकारके सदादि छह अनुयोगोंमेंसे जिस प्रकार जीवस्थानके सदादि छह अनुयोगद्वारोंकी उत्पत्ति बतलाई है, उसी प्रकार प्रकृतिस्थानाधिकारके द्रव्यानुयोगमेंसे जीवस्थानके द्रव्यानुयोगकी उत्पत्तिका कथन क्यों नहीं किया गया है? इस प्रकारकी शंका करनेपर आचार्य उत्तर देते हैं कि ऐसी शंका करना ठीक नही हैं, क्योंकि, प्रकृतिस्थानके द्रव्यानुयोग अधिकारमें मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानोंकी अपेक्षाके विना इस बन्धस्थानके बन्धक जीव इतने हैं ऐसा केवल सामान्यरुपसे कथन किया गया है ं और बन्धक अधिकारके द्रव्यानुयोग प्रकरणमें इस प्रकृतिस्थानके बन्धक मिथ्यादृष्टि जीव इतने हैं , सासादन सम्यग्दृष्टि जीव इतने हैं ऐसा विशेषरू पसे कथन किया गया है। इसलिये बन्धक अधिकारमें कहे गये द्रव्यानुयोगका ग्रहण इस जीवस्थानमें किया है ं अर्थात बन्धक अधिकारके द्रव्यानुगम प्रकरणसे जीवस्थानका द्रव्यप्रमाणानुगम प्रकरण निकला है।

शंका -- अयोगी गुणस्थानमें कर्मप्रकृतियोंका बन्ध नही होता है, इसलिये उनकी द्रव्यप्रमाणानुगममें द्रव्यसंख्या कैसे कही जावेगी?

समाधान-- यह कोई दोष नही है, क्योंकि, भूतपूर्व न्यायका आश्रय लेकर अयोगी गुणस्थानकी द्रव्यसंख्याका कथन संभव है। अर्थात् जो जीव पहले मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानोमें प्रकृतिस्थानोंके बन्धक थे वे ही अयोगी हैं।

इस प्रकार अयोगी गुणस्थानकी द्रव्यसंख्याका प्रतिपादन किया जा सकता है। अथवा, जीवके सत्वरू प प्रकृतिबन्धका आश्रय लेकर अयोगी गुणस्थानकी द्रव्यसंख्याका प्ररू पण किया गया है।

भावानुगमका कथन भी इसी प्रकार समझ लेना चाहिये।

विशेषार्थ --- जीवस्थानकी भावप्ररू पणा प्रकृतिस्थानके भावानुगममेंसे न निकल कर एकैक्कोत्तरप्रकृतिबन्धके जो चौवीस अधिकार हैं उनके तेवीसवें भावानुगममेंसे निकली है। इसका कारण यह है कि प्रकृतिस्थानके भावानुगममें भावोंका सामान्यरू पसे कथन है और एकैक्कोत्तर-प्रकृतिस्थानके भावानुगममें भावोंका विशेषरू पसे कथन है। इस तरह जीवस्थानकेआठ अनुयोगद्वारोंका निरू पण किया।

तदो ट्ठिदिबंधो दुविहो-मूलपयडिट्ठिदिबंधो उत्तरपयडिट्ठिदिबंधो चेदि । तत्थ जो सो मूलपयडिट्ठिबंधो सो थप्पो । जो सो उत्तरपयडिट्ठिदिबंधो तस्स चउवीस अणियोगद्दाराणि । तं जहा-अद्धाछेदो सव्वबंधो णोसव्वबंधो उक्कस्सबंधो अणुक्कस्सबंधो जहण्णबंधो अजहण्णबंधो सादियबंधो अणादियबंधो धुवबंधो अद्धुवबंधो बंधसामित्तविचयो बंधकालो बंधंतरं बंधसण्णियासो णाणाजीवेहि भंगविचयो भागाभागाणुगमो परिमाणाणुगमो खेत्ताणुगमो पोसणाणुगमो कालाणुगमो अंतराणुगमो भावाणुगमो अप्पाबहुगाणुगमो चेदि। तत्थ अद्धाछेदो दुविहोजहण्णट्ठिदिअध्दाछेदो उक्कस्सट्ठिदिअध्दाछेदो चेदि । जहण्णट्ठिदिअध्दाछेदादों जहण्णट्ठिदी णिग्गदा । उक्कस्सट्ठिदिअध्दाछेदादों उक्कस्सट्ठिदी णिगग्दा। पुणो सुत्तादो सम्मत्तुप्पत्ती णिग्गया । वियाहपण्णत्तीदो गदिरागदी णिगदा । संपहि पुव्वं उत्तापयडिसमुक्कित्तणा१ (मु उत्तपयडि-।) ट्ठाणसमुक्कित्तणा तिण्णि महादंडया एदाणं पंचण्हमुवरि संपहि उत्त२ (मु. पुव्वुत्त।) -जहण्णट्ठिदिअध्दाछेदं उक्क स्सट्ठिदिअद्धाछेदं सम्मत्तुप्पतिं गदिरागदिं च पक्खिते चूलियाए णव अहियारा भवंति । एदं सव्वमवि मणेण अवहारिय 'एत्तो' इदि उत्तं भयवदा पुप्फयंतेण ।

स्थितिबन्ध दो प्रकारका हैं- मूलप्रकृतिस्थितिबन्ध और उत्तरप्रकृतिस्थितिबन्ध। उनमेंसे मूलप्रकृतिस्थितिबन्धका वर्णन स्थगित करके जो उत्तरप्रकृतिस्थितिबन्धके चौवीस अनुयोगद्वार हैं उनका कथन करते हैं। वे इस प्रकार हैं- अर्धच्छेद, सर्वबन्ध, नोसर्वबन्ध, उत्कृष्टबन्ध, अनुत्कृष्टबन्ध, जघन्यबन्ध,

अजघन्यबन्ध, सादिबन्ध, अनादिबन्ध, ध्रुवबन्ध, अध्रुवबन्ध बन्धस्वामित्वविचय, बन्धकाल, बन्धान्तर, बन्धसन्निकर्ष, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, भागाभागानुगम, परिमाणानुगम, क्षेत्रानुगम, स्पर्शनानुगम, कालानुगम, अन्तरानुगम, भावानुगम और अल्पबहुत्वानुगम। इनमें अर्धच्छेद दो प्रकारका हैं- जघन्यस्थिति-अर्धच्छेद और उत्कृष्ट-स्थिति-अर्धच्छेद ं इनमें जघन्यस्थिति-अर्धच्छेदसे जघन्यस्थिति निकली है और उत्कृष्टस्थिति अर्धच्छेदसे उत्कृष्टस्थिति निकली है। सूत्रसे सम्यक्त्वोत्पत्ति नामका अधिकार निकला है और व्याख्याप्रज्ञप्तिसे गति आगति नामका अधिकार निकला है।

अब नौ चूलिकाओका उत्पत्तिक्रम बताते हैं, पहले जो एकैक्कोत्तरप्रकृति अधिकारके समुत्कीर्तना नामके प्रथम अधिकारसे प्रकृतिसमुत्कीर्तना स्थानसमुत्कीर्तना और तीन महादण्डकोंके निकलनेका उल्लेख कर आये हैं, उन पाचोंमें अभी कहे गये जघन्यस्थिति-अर्धच्छेद, उत्कृष्टस्थिति-अर्धच्छेद, सम्यक्त्वोत्पत्ति और गति-आगति इन चार अधिकारोंके मिला देने पर चूलिकाके नौ अधिकार हो जाते हैं। इस समस्त कथनको मनमें निश्चय करके भगवान् पुष्पदन्तने 'एत्तो' इत्यादि सूत्र कहा।

'इमेसिं' एतेषाम् । न च प्रत्यक्षनिर्देशोऽनुपपन्नः आगमाहितसंस्कारस्या-चार्यस्यापरोक्षचतुर्दशभावजीवसमासस्य तदविरोधात् । जीवाः समस्यन्ते एष्विति जीवसमासाः१ (कथमियं 'जीवसमास' इति संज्ञा गुणस्थानस्य जाता?) इति चेज्जीवाः समस्यन्ते संक्षिप्यन्ते एष्विति जीवसमासाः। अथवा जीवाः सम्यगासते एष्विति जीवसमासा इत्यत्र प्रकरणसामर्थ्येन गुणस्थानान्येव जीवसमासशब्देनोच्यन्ते । गो. जी., जी. प्र., टी. १०) चतुर्दश च ते जीवसमासाः चतुर्दशजीवसमासा । तेषां चतुर्दशानां जीवसमासानां चतुर्दशगुणस्थानानामित्यर्थः। तेषां मार्गणा गवेषणमन्वेषणमित्यर्थः। मार्गणा एवार्थः प्रयोजनं मार्गणार्थस्तस्य भावो मार्गणार्थता तस्यां मार्गणार्थतायाम्। तस्यामिति त्र। 'इमानि' इत्यनेन भावमार्गणास्थानानि प्रत्यक्षीभूतानि निर्दिश्यन्ते, नार्थमार्गणस्थानानि, तेषां देशकालस्वभावविप्रकृष्टानां प्रत्यक्षतानुपपत्तेः। तानि च मार्गणस्थानानि चतुर्दशैव भवन्ति, मार्गणस्थानसंख्याया न्यूनाधिकभावप्रतिषेधफल एवकारः। किं मार्गणं नाम? चतुर्दश जीवसमासाः सदादिविशिष्टाः मार्ग्यन्तेऽस्मिन्ननेन वेति मार्गणम् । उत्तं च ---

---

'एत्तो' इत्यादि सूत्रमें जों 'इमेसिं' पद आया है उससे जो प्रत्यक्षीभूत पदार्थका निर्देश होता है वह अनुपपन्न नहीं है, क्योंकि, जिनकी आत्मा आगमाभ्याससे संस्कृत है ऐसे आचार्यके भावरू प चौदह

जीवसमास प्रत्यक्षीभूत हैं। अतएव 'इमेसिं' इस पदके प्रयोग करनेमें कोई विरोध नहीं आता है। अनन्तानन्त जीव जिनमें संग्रह किये जाय उन्हें जीवसमास कहते है। वे जीवसमास चौदह हैं। उन चौदह जीवसमासोंसे यहां पर चौदह गुणस्थान विवक्षित हैं। अर्थात् जीवसमासका अर्थ यहां पर गुणस्थान लेना चाहिये । मार्गणा, गवेषणा और अन्वेषण ये तीनों शब्द एकार्थवाची है मार्गणरुप प्रयोजनको मार्गणार्थ कहते है। मार्गणार्थ अर्थात् मार्गणारुप प्रयोजनके भाव अर्थात् विशेषताको मार्गणार्थता कहते हैं ं उस मार्गणारुप प्रयोजन विशेषकी विवक्षा होनेपर, यहां पर इसी अर्थमें तत्थ यह पद आया है। इमानि इस पदसे प्रत्यक्षीभूत भावमार्गणास्थानोंका निर्देश किया है। द्रव्यमार्गणाओंका ग्रहण नहीं किया है, क्योंकि, द्रव्यमार्गणाएँ देश, काल और स्वभावकी अपेक्षा दूरवर्ती हैं। अतएव अल्पज्ञानियोंको उनका प्रत्यक्ष ज्ञान नही हो सकता है। वे मार्गणास्थान चौदह ही है। यहां सूत्रमें जो एवं पद दिया है उसका फल या प्रयोजन मार्गणास्थानकी संख्याके न्यूनाधिकभावका निषेध करना है।

शंका -- मार्गणा किसे कहते हैं?

समाधान -- सत्, संख्या, आदि अनुयोगद्वारोंसे युक्त चौदह जीवसमास जिसमें या जिसके द्वारा खोजे जाते हैं उसे मार्गणा कहते हैं । कहा भी है-

---

जाहि व जासु व जीवा मग्गिज्जंते जहा तहा दिट्ठा ।

ताओ चोद्दस जाणे सुदणाणे मग्गणा होंति१ (प्रा. पं. १, ५६ . गो . जी. १४१. गत्यादिमार्गणा यदा एकजीवस्य नारकत्वादिपर्यायस्वरू पा विवक्षितास्तदा 'याभि:' इतीत्थंभूतलक्षणे तृतीया विभक्ति:। यदा एकद्रव्य प्रति पर्यायाणामधिकरणता विवक्ष्यते तदा 'यासु' इत्यधिकरणे सप्तमी विभक्ति:, विवक्षावशात्कारकप्रवृत्तिरिति न्यायस्य सद्भावात। जी. प्र. टी. श्रुत ज्ञायतेऽनेनेति, श्रुतज्ञानं, वर्णपदवाक्यरू पं द्रव्यश्रुतं गुरू शिष्यप्रशिष्यपरम्परया द्रव्यागमस्य अविच्छिन्नप्रवाहेण प्रवर्तमानत्वात्। तत्र 'यथा दृष्टास्तथा जानीहि'. इति वचनेन शास्त्रकारस्य कालदोषात्प्रमादाद्वा यत्स्खलितं तन्मुक्त्वा परमागमानुसारेण व्याख्यातार: अध्येतारो वाऽविरू द्धमेव वस्तुस्वरू पं गृह्हन्तीति प्रदर्शितमाचार्यै:। मं. प्र. टी.) ।।८३।।

तं जहा ।।३।।

‘ तच्छब्द: पूर्वक्रान्तपरामर्शी ’ इति न्यायात् ‘ तं ’ तत् मार्गणविधानं । ‘जहा’ यथेति यावत् । एवं पृष्टवत: शिष्यस्य सन्देहापोहनार्थमुत्तरसूत्रमाह -

गइ इंदिए काए जोगे वेदे कसाए णाणे संजमे दंसणे लेस्सा भविय सम्मत्त सण्णि आहारए चेदि ।।४।।

गताविन्द्रिये काये योगे वेदे कषाये ज्ञाने संयमे दर्शने लेश्यायां भव्ये सम्यक्त्वे संज्ञिनि आहारे च जीवसमासा: मृग्यन्ते। ‘च’ शब्द: प्रत्येकं परिसमाप्यते समुच्चयार्थ:। ‘इति’ शब्द: समाप्तौ वर्तते। सप्तमीनिर्देश: किमर्थ:? तेषामधि-

---

श्रुतज्ञान अर्थात द्रव्यश्रुतरूप परमागममें जीव पदार्थ जिस प्रकार देखे गये हैं उसी प्रकारसे वे जिन नारकत्वादि पर्यायोंकेद्वारा अथवा जिन नारकत्वादिरूप पर्यायोमें खोजे जाते हैं उन्हें मार्गणा कहते हैं। और वे चौदह होती हैं ऐसा जानो ।।८३।।

वे चौदह मार्गणास्थान जैसे ? ।।३।।

‘तत् शब्द पूर्व प्रकरणमें आये हुए अर्थका परामर्शक होता है’ इस न्यायके अनुसार ‘तत्’ इस शब्दसे मार्गणाओंकेभेदोंका ग्रहण करना चाहिये। ‘जहा’ इस पदका अर्थ जैसे होता है। वे जैसे? इस तरह पूछनेवाले शिष्यकेसन्देहको दूर करनेकेलिये आगेका सूत्र कहते हैं ---

गति इन्द्रिय, काय, योग, वेद, कषाय, ज्ञान, संयम, दर्शन, लेश्या, भव्यत्व, सम्यक्त्व, संज्ञी और आहार ये चौदह मार्गणाएँ हैं और इनमें जीव खोजे जाते हैं ।।४।।

गतिमें, इन्द्रियमें, कायमें, योगमें, वेदमें, कषायमें, ज्ञानमें, संयममें, दर्शनमें,लेश्यामें, भव्यत्वमें, सम्यक्त्वमें, संज्ञीमें और आहारमें जीवसमासोंका अन्वेषण किया जाता है। इस सूत्रमें ‘च’ शब्द समुच्चयार्थक है, इसलिये प्रत्येक पदके साथ उसका संबन्ध कर लेना चाहिये। ‘इति’ शब्द समाप्तिरूप अर्थमें आया है। इससे यह तात्पर्य निकलता है कि मार्गणाएं चौदह ही होती हैं।

करणत्वप्रतिपादनार्थः तृतीयानिर्देशोऽप्यविरू द्धः। स कथं लभ्यते? न, देशामर्शकत्वान्निर्देशस्य। यत्र च गत्यादौ विभक्तिर्न श्रूयते तत्रापि 'आइ-मज्झंत-वण्ण-सर-लोवो' इति लुप्ता विभक्तिरित्यभ्यूह्यम्। अहवा 'लेस्सा-भविय-सम्मत्त-सण्णि-आहारए' चेदि एकपदत्वान्नावयवविभक्तयः श्रूयन्ते।

अथ१ (ननु लोके व्यावहारीकपदार्थस्य विचारे कश्चिन्मृगयितां किंचिन् मृग्यं कापि मार्गणा कश्चिमार्गणोपाय इति चतुष्टयमस्ति ं अत्र लोकोत्तरेऽपि तद् वक्तव्यमिति चेदुच्यते, मृगयिता भव्यवरपुण्डरीकः गुरुः शिष्यो वा ं मृग्याः गुणस्थानादिविशिष्टाः जीवाः, मार्गणा गुरुशिष्ययोर्जीवतत्त्वविचारणा ं मार्गणोपायाः गतीन्द्रियादयः पंच भावविशेषाः करणाधिकरणरुपाः सन्तीति लोकव्यवहारानुसारेण लोकोत्तरव्यवहारोऽपि वर्तते ं गो. जी., मं. प्र., टी. ८४१.) स्याज्जगति चतुर्भिमर्गिणा निष्पद्यमानोपलभ्यते२ (मु. निष्पाद्य-)। तद्यथा, मृगयिता मृग्यं मार्गणं मार्गणोपाय इति। नात्र ते सन्ति, ततो मार्गणमनुपपन्नमिति । नैष दोषः , तेषामप्यत्रोपलम्भात्। तद्यथा, मृगयिता भव्यपुण्डरीकः तत्वार्थश्रद्धालुर्जीवः,

---

शंका-- सूत्रमें गति आदि प्रत्येक पदके साथ सप्तमी विभक्तिका निर्देश क्यों किया गया है?

समाधान -- उन गति आदि मार्गणाओंको जीवोंका आधार बतानेके लिये सप्तमी विभक्तिका निर्देश किया है।

इसी तरह सूत्रमें प्रत्येक पद के साथ तृतीया विभक्तिका निर्देश भी हो सकता है, इसमें कोई विरोध नही आता है।

शंका -- जब कि प्रत्येक पद के साथ सप्तमी विभक्ति पाई जाती है तो फिर तृतीया विभक्ति कैसे संभव है?

समाधान -- ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि, इस सूत्रमें प्रत्येक पद के साथ जो सप्तमी विभक्तिका निर्देश किया है वह देशामर्शक है, इसलिये तृतीया विभक्तिका भी ग्रहण हो जाता है।

सूत्रोक्त गति आदि जिन पदोमें विभक्ति नहीं पायी जाती है, वहां पर भी 'आईमज्झ ांतवण्णसरलोवो' अर्थात आदि, मध्य और अन्तके वर्ण और स्वरका लोप हो जाता है। इस प्राकृतव्याकरणके सूत्रके नियमानुसार विभक्तिका लोप हो गया है। फिर भी उसका अस्तित्व समझ लेना चाहिये। अथवा

'लेस्साभवियसम्मत्तसण्णिआहारए' यह एक पद समझना चाहिये, इसलिये लेश्या आदि प्रत्येक पदमें विभक्तियां देखनेमें नही आती है।

शंका -- लोकमें अर्थात व्यावहारिक पदार्थोंका विचार करते समय भी चार प्रकारसे अन्वेषण देखा जाता है। वे चार प्रकार ये हैं -- मृगयिता, मृग्य, मार्गण और मार्गणोपाय। परंतु यहां लोकोत्तर पदार्थके विचारमें वे चारों प्रकार नहीं पाये जाते हैं, इसलिये मार्गणाका कथन करना नहीं बन सकता है?

समाधान -- यह कोई दोष नही हैं, क्योंकि, इस प्रकरणमें भी वे चारों प्रकार पाये जाते हैं। वे इस प्रकार हैं-- जीवादि पदार्थोंका श्रद्धान करनेवाला भव्यपुण्डरीक मृगयिता

चतुर्दशगुणविशिष्टजीवा मृग्यं, मृग्यस्याधारतामास्कंद्धन्ति मृगयितुः करणतामादधानानि वा गत्यादीनि मार्गणम्, विनेयोपाध्यायादयो मार्गणोपाय इति। सूत्रे शेषत्रितयं परिहृत्य किमिति' (मु. परिहृतमिति) मार्गणमेवोक्तमिति चेन्न, तस्य देशामर्शकत्वात्, तन्नान्तरीकत्वाद्वा।

गम्यत इति गतिः२ ('गम्यत इति गतिः' एवमुच्यमाने गमनक्रियापरिणतजीवप्राप्यद्रव्यादीनामपि गतिव्यपदेशः स्यात्? तन्न, गतिनामकर्मोदयोत्पन्नजीवपर्यायस्यैव गतित्वाभ्युपगमात्। गमनं वा गतिः। एवं सति ग्रामारामादिगमनस्यापि गतित्वं प्रसज्यते। तन्न, भवाद् भवसंक्रातेरेव विवक्षितत्वात्। गमनहेतुर्वा गतिरित्यपि भण्यमाने शकटादेरपि गतित्वं प्राप्नोति। तन्न, भवांतरगमनहेतोर्गतिनामकर्मणो गतित्वाभ्युपगमात्। जी. प्र., टी. अत्र मार्गणाप्रकरणे गतिनामकर्म न गृह्यते, वक्ष्यमाणनारकदिगतिप्रपंचस्य नारकादिपर्यायेष्वेव संभवात्। गो. जी., म. प्र., टी. १४६)। नातिव्याप्तिदोषः, सिद्धैः प्राप्यगुणाभावात्। न केवलज्ञानादयः प्राप्याः, तथात्मकैकस्मिन् प्राप्यप्रापकभावविरोधात। कषायादयो हि प्राप्याः, औपाधिकत्वात्। गम्यत इति गतिरित्युच्यमाने गमनक्रियापरिणतजीव -

----

अर्थात् लोकोत्तर पदार्थोंका अन्वेषण करनेवाला है। चौदह गुणस्थानोंसे युक्त जीव मृग्य अर्थात् अन्वेषण करने योग्य है। जो मृग्य अर्थात चौदह गुणस्थानविशिष्ट जीवोंके आधारभूत हैं, अथवा अन्वेषण करनेवाले भव्य जीवको अन्वेषण करनेमें अत्यन्त सहायक कारण हैं ऐसी गति आदिक मार्गणा हैं। शिष्य और उपाध्याय आदिक मार्गणा केउपाय हैं।

शंका -- इस सूत्रमें मृगयिता, मृग्य और मार्गणोपाय इन तीनको छोडकर केवल मार्गणाका ही उपदेश क्यों दिया गया है?

समाधान -- यह कहना ठीक नहीं है, क्योंकि गति आदि मार्गणावाचक पद देशामर्शक हैं, इसलिये इस सूत्रमें कही गई मार्गणाओंसे तत्संबन्धी शेष तीनोंका ग्रहण हो जाता है। अथवा मार्गणा पद शेष तीनोंका अविनाभावी है, इसलिये भी केवल मार्गणाका कथन करनेसे शेष तीनोंका ग्रहण हो जाता है।

जो प्राप्त की जाय उसे गति कहते हैं। गतिका ऐसा लक्षण करनेसे सिद्धोंके साथ अतिव्याप्ति दोष भी नहीं आता है, क्योंकि सिद्धोंके द्वारा प्राप्त करने योग्य गुणोंका अभाव है। यदि केवलज्ञानादि गुणोंको प्राप्त करने योग्य कहा जावे, सो भी नहीं बन सकता, क्योंकि केवलज्ञानस्वरूप एक आत्मामें प्राप्य-प्रापकभावका विरोध है। उपाधिजन्य होनेसे कषायादिक भावोंको ही प्राप्त करने योग्य कहा जा सकता है। परंतु वे सिद्धोंमे पाये नहीं जाते हैं, इसलिये सिद्धोंके साथ तो अतिव्याप्ति दोष नहीं आता है।

शंका -- जो प्राप्त की जाय उसे गति कहते हैं। गतिका ऐसा लक्षण करने पर गमनरूप क्रियामें परिणत जीवके द्वारा प्राप्त होने योग्य द्रव्यादिकको भी गति यह संज्ञा प्राप्त हो जावेगी, क्योंकि, गमनक्रियापरिणत जीवकेद्वारा द्रव्यादिक ही प्राप्त किये जाते हैं?

प्राप्यद्रव्यादीनामपि गतिव्यपदेश: स्यादिति चेन्न, गतिकर्मण: समुत्पन्नस्यात्मपर्यायस्य तत: कथञ्चिभ्देदादविरू द्धप्राप्तित: प्राप्तकर्मभावस्य गतित्वाभ्युपगमे पूर्वोक्तदोषानुपपत्ते:। भवाद्भवसंक्रान्तिर्वा गति:। सिद्धि१ (मु. सिद्धि-।) गतिस्तद्विपर्यासात्। उक्तं च ---

गइ-कम्म-विणिव्वत्ता जा चेट्ठा सा गई मुणेयव्वा।

जीवा हु चाउरंग गच्छंति त्ति य गई होइ२ (प्रा.पं. १, ५८. गइउदयजपज्जाया चउगइगमणस्स हेऊ वा हु गई। णारयतिरिक्ख माणुसदेवगइ त्ति य हवे चदुधा।। गो. जी. १४६.) ।।८४।।

प्रत्यक्षनिरतानीन्द्रियाणि। अक्षाणीन्द्रियाणि। अक्षमक्षं प्रति वर्तत इतिप्रत्यक्षं विषयोऽक्षजो बोधो वा। तत्र निरतानि व्यापृतानि इन्द्रियाणि। शब्दस्पर्शरसरू पगन्धज्ञानावरणकर्मणां क्षयोपशमाद् द्रव्येन्द्रियनिबन्धनादिन्द्रियाणीती यावत्। भावेन्द्रियकार्यत्वाद् द्रव्यस्येन्द्रियव्यपदेश:। नेयमदृष्टपरिकल्पना, कार्यकारणोपचारस्य

समाधान -- ऐसा कहना ठीक नहीं हैं क्योंकि गति नामकर्मके उदयसे जो आत्माके पर्याय उत्पन्न होती है वह आत्मासे कथंचित भिन्न है अत: उसकी प्राप्ति अविरूद्ध है। और इसीलिये प्राप्तिरूप क्रियाके कर्मपनेको प्राप्त नारकादि आत्मपर्यायके गतिपना माननेमें पूर्वोक्त दोष नहीं आता हैं।

अथवा, एक भवसे दूसरे भवमें जानेको गति कहते हैं। पूर्वमें जो गतिनामा नामकर्मके उदयसे प्राप्त होनेवाली पर्यायविशेषको अथवा एक भवसे दूसरे भवमें जानेको गति कह आये हैं, ठीक इससे विपरीतस्वभाववाली सिद्धगति होती है। कहा भी है ---

गतिनामा नामकर्मके उदयसे जो जीवकी चेष्टाविशेष उत्पन्न होती है उसे गति कहते हैं। अथवा जिसके निमित्तसे जीव चतुर्गतिमें जाते हैं उसे गति कहते हैं। ।।८४।।

जो प्रत्यक्षमें व्यापार करती हैं उन्हे इन्द्रियॉ कहते हैं। जिसका खुलासा इस प्रकार हैं-- अक्ष इन्द्रियको कहते हैं, और जो अक्ष अक्षके प्रति अर्थात् प्रत्येक इन्द्रियके प्रति रहता है उसे प्रत्यक्ष कहते हैं। जो कि इन्द्रियोंका विषय अथवा इन्द्रियजन्य ज्ञानरूप पडता है उस इन्द्रियविषय अथवा इन्द्रियज्ञानरूप प्रत्यक्षमें जो व्यापार करती हैं उन्हे इन्द्रियॉ कहते हैं। द्रव्येन्द्रियोंके निमित्तरू प ऐसे शब्द, स्पर्श, रस, रू प, और गन्ध नामक ज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमसे इन्द्रियॉ होती हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। क्षयोपशमरू प भावेन्द्रियोंके होने पर ही द्रव्येन्द्रियोंकी उत्पत्ति होती है, इसलिये भावेन्द्रिय कारण हैं और द्रव्येंद्रियां कार्य हैं और इसलिये द्रव्येन्द्रियोंको भी इन्द्रिय यह संज्ञा प्राप्त है। यह कोई अदृष्टकल्पना नहीं है, क्योंकि, कार्यगत धर्मका कारणमें और कारणगत धर्मका कार्यमें जगतमें प्रसिद्धरूपसे पाया जाता है।

जगति सुप्रसिद्धस्योपलम्भात्। इन्द्रियवैकल्यमनोऽनवस्थानानध्यवसायालोकाद्यभावावस्थायां क्षयोपशमस्य प्रत्यक्षविषयव्यापाराभावात्तत्रात्मनोऽनिन्द्रियत्वं स्यादिति चेन्न, गच्छतीति गौरिति व्युत्पादितस्य गोशब्दस्यागच्छद्गोपदार्थेऽपि प्रवृत्त्युपलम्भात्। भवतु तत्र रू ढिबललाभादिति चेदत्रापि तल्लाभादेवास्तु, न कश्चिद्दोष:। विषेषाभावतस्तेषां१ (इत आरभ्य 'इन्द्रिय' शब्दस्य व्याख्यान्तं यावत्समग्रपाठ: गो. जीवकांडस्य मदि-आवरण इत्यादि १६५ तमगाथाया: जीवतत्त्वप्रदीपिकाटीयाकया प्रायेण समान:।) सङ्करव्यतिकररू पेण२ (सर्वेषा युगपत्प्राप्ति सङ्कर:। परस्परविषयगमनं व्यतिकर:। न्या. कु. चं. पृ. ३६०) व्यापृति: व्याप्नोतीति चेन्न, प्रत्यक्षे३ (मु. नीतिनियमिते। 'नीति' इति पाठो नास्ति। गो. जी., जी. प्र. टी. १६५) निनियमिते रतानीति प्रतिपादनात। सङ्करव्यतिकराभ्यां व्यापृतिनिराकरणाय स्वविषयनिरतानीन्द्रियाणि इति वा वक्तव्यम्। स्वेषां विषय: स्वविषयस्तत्र निश्चयेन

शंका -- इन्द्रियोंकी विकलता, मनकी चंचलता, और अनध्यवसायके सद्भावमें तथा प्रकाशादिकके अभावरूप अवस्थामें क्षयोपशमका प्रत्यक्ष विषयमें व्यापार नही हो सकता है, इसलिये उस अवस्थामें आत्माकेअनिन्द्रियपना प्राप्त हो जायगा?

समाधान --- ऐसा नहीं है, क्योंकि, जो गमन करती है उसे गौ कहते हैं। इस तरह 'गौ' शब्दकी व्युत्पत्ति होने पर भी नहीं गमन करनेवाले गौ पदार्थमें भी उस शब्दकी प्रवृत्ति पाई जाती है।

शंका -- भले ही गोपदार्थमें रूढिके बलसे गमन नहीं करती हुई अवस्थामें भी गो-शब्दकी प्रवृत्ति होवे। किंतु इन्द्रियवैकल्यादिरूप अवस्थामें आत्माके इन्द्रियपना प्राप्त नहीं हो सकता है?

समाधान -- यदि ऐसा है तो आत्मामें भी इन्द्रियोंकी विकलता आदि कारणोंके रहने पर रूढिकेबलसे इन्द्रिय शब्दका व्यवहार मान लेना चाहिये। ऐसा मान लेनेमें कोई दोष नही आता है।

शंका -- इन्द्रियोंके नियामक विशेष कारणोंका अभाव होनेसे उनका संकर और व्यतिकररूपसे व्यापार होने लगेगा। अर्थात या तो वे इन्द्रियां एक दूसरी इन्द्रियके विषयको ग्रहण करेंगी या समस्त इन्द्रियोंका एकही साथ व्यापार होगा?

समाधान -- ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि, 'प्रत्यक्षनिरतानि इन्द्रियाणि' यह पहले कह आये हैं। तदनुसार 'निरतानि' पदमें आये हुए 'नि' उपसर्गका अर्थ नियमित है और प्रत्यक्ष पदका अर्थ विषय या इन्द्रियजन्य ज्ञान है। इस प्रकार जो नियमित अपने अपने विषयमें या उस उस इन्द्रियसे उत्पन्न हुए ज्ञानमें 'रतानि' रत हैं अर्थात व्यापार करती हैं वे इन्द्रियाँ हैं यह पहले कह आये हैं, इसलिये संकर और व्यतिकर दोष नहीं आता हैं।